## बरेला में शारदा मंदिर के पास भीषण हादसा

# डंपर ने बुलेरो को टक्कर मारकर घसीटा वाहन में लगी आग, दो जिंदा जले

बरेला थाना अंतर्गत शारदा मंदिर के पास बरेला घाट पर एक लोमहर्षक घटना सामने आई एक बुलेरो वाहन को तेज रफ्तार डंपर ने इस कदर टक्कर मारी की कार के परखच्चे उड़ गये और इसके बाद भी डम्फर चालक नहीं रुका. डम्फर में फंसी बुलेरो को आधा किलोमीटर तक सड़क पर घसीटा जिससे बुलेरो वाहन में आग लग गई. उसमें सवर दो लोग जिंदा जल गये. वाहन में आग इतनी भीषण थी की लोग उसमें फंसे लोगों को निकालने की हिम्मत नहीं जुटा पाए. फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

**जबलपुर।** बरेला थाना प्रभारी संगीता सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू किया, कार के अंदर फंसे लोगों को निकालकर पंचनामा की कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिये मेडिकल भिजवाया, फिलहाल मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है. वहीं प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक दुर्घटना इतनी भयावह थी कि टक्कर के बाद कार सीधे डंपर के अगले हिस्से के नीचे जा फंसी। इसके बावजूद डंपर चालक ने गाड़ी नहीं रोकी। वह कार को तकरीबन आधा तक बेरहमी से घसीटता हुआ ले गया। इसी दौरान घिसटती हुई कार आगे खड़े एक अन्य वाहन से टकरा गई। इस दोहरी टक्कर और घर्षण के कारण कार में अचानक भीषण आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी विकराल थी कि कोई भी कार के नजदीक नहीं जा सका और दोनों सवार भीतर ही जिंदा जल गए। घटना की सूचना मिलने पर बरेला पुलिस और फायर ब्रिगेड के वाहन मौके पर पहुंचे। भारी मशक्कत के बाद जब कार में



लगी आग पर काबू पाया गया, तब तक कार पूरी तरह लोहे के कंकाल में बदल चुकी और उसमे सवार दो युवक जिंदा जल गये। पुलिस ने मलबे से दोनों मृतकों के झुलसे हुए शव बरामद किए। शवों की स्थिति इतनी खराब थी कि उनकी पहचान करना मुश्किल हो रहा था। बरेला पुलिस ने फरार डंपर चालक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



## अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# सड़क-नाली सहित अवैध निर्माण ध्वस्त

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिले में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त अभियान जारी है। इसी क्रम में शनिवार को गोरखपुर अनुविभाग के अंतर्गत ग्राम दलपतपुर स्थित एक अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। यहां निर्मित सड़क, नाली एवं अन्य अवैध संरचनाओं को जेसीबी की मदद से हटाया गया।

प्रशासन ने संबंधित कॉलोनाइजर श्री गुरूजी कंस्ट्रक्शन को पूर्व में नोटिस जारी कर स्वयं अवैध निर्माण हटाने का अवसर दिया था, लेकिन निर्धारित समय में अनुपालन नहीं किए जाने पर कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुराग सिंह के आदेश पर तहसीलदार, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, नगर निगम एवं पुलिस बल की उपस्थिति में संपन्न हुई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में विकसित सभी अवैध कॉलोनियों के खिलाफ इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध रूप से कब्जाई गई भूमि और संरचनाओं को हटाकर उन्हें मूल स्थिति में बहाल किया जाएगा।

साथ ही प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों के विरुद्ध एफआईआर सहित कानूनी कार्रवाई की जाएगी और विकास संबंधी सभी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी कॉलोनी या भूखंड में निवेश से पहले उसकी वैधानिक स्थिति, लाइसेंस और आवश्यक अनुमतियों की पूरी जांच अवश्य करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी या आर्थिक परेशानी से बचा जा सके।

## डिप्टी सीएम के निज सचिव के फोन के बाद जीआरपी में हड़कंप

# रीवा-भोपाल एक्सप्रेस में 10 लाख की चोरी

**जबलपुर।** रीवा से भोपाल जा रही रीवा-भोपाल एक्सप्रेस में आधी रात एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई। वातानुकूलित कोच में यात्रा कर रहे रीवा निवासी रामदत्त पाठक समेत कई यात्रियों के बैग और कीमती सामान अज्ञात बदमाश लेकर फरार हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चोरी गए जेवरात, नकदी और अन्य सामान की कुल कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है। घटना की सूचना प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के निज सचिव तक



पहुंचने के बाद रेलवे और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

बताया जा रहा है कि अधिकांश यात्री रात में सो रहे थे, तभी चेहरे को कपड़े से ढंके एक संदिग्ध ने कोच में प्रवेश कर बैगों को निशाना बनाया। ट्रेन के अगले स्टेशन पर पहुंचने के बाद यात्रियों को सामान गायब होने की जानकारी लगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त जांच शुरू कर दी है। बोगी से फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाए गए हैं तथा स्टेशन और ट्रेन मार्ग के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। रेलवे पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तीन विशेष जांच टीमें गठित की हैं। टीआई संजीवनी राजपूत ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द गिरफ्तारी की उम्मीद है।

## स्टेशन पर हंगामा कर रहा युवक गिरफ्तार

**जबलपुर।** रेलवे स्टेशन जबलपुर पर यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार कर शांति भंग कर रहे एक युवक को जीआरपी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 पर कटनी दिशा की ओर एक युवक यात्रियों से गाली-गलौज एवं विवाद कर रहा था। जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस द्वारा समझाइश दिए जाने के बावजूद युवक का उग्र व्यवहार जारी रहने पर संभावित अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए उसे हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुभाष राजपाल (22) निवासी ग्राम चरगवां पाली, थाना स्लीमनाबाद, जिला कटनी के रूप में हुई है। जीआरपी ने आरोपी के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 170, 126(बी) एवं 135(3) के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

# कलेक्टर एवं निगमायुक्त ने किया प्रमुख नालों व प्लांटों का निरीक्षण, जलभराव रोकने के दिए निर्देश

**जबलपुर।** आगामी वर्षा ऋतु के मद्देनजर शहर की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शहर के प्रमुख नालों एवं प्लांटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने अपर आयुक्त अरविंद शाह, अशफाक परवेज कुरैशी तथा स्वास्थ्य विभाग के अमले के साथ ओमती नाला, भूलन नाला, प्रेम नगर नाला और गंगा सागर नाला सहित विभिन्न नाला-नालियों की सफाई व्यवस्था का जायजा



लिया। इस दौरान अधिकारियों ने नागरिकों से जलभराव को लेकर फीडबैक भी लिया, जिस पर लोगों ने बताया कि अब क्षेत्र में पानी नहीं भरता है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर और निगमायुक्त ने वेस्ट टू एनर्जी प्लांट और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया तथा उनकी कार्यप्रणाली की समीक्षा की। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सभी नालों की समय पर और पूरी सफाई सुनिश्चित की जाए तथा बारिश के दौरान किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति न बने। नगर निगम स्वास्थ्य अमले को नियमित मॉनिटरिंग करने और कचरा प्रबंधन व्यवस्था को लगातार मजबूत बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

## *यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे का बड़ा कदम, देशभर के स्टेशनों पर होगा फायर सेफ्टी ऑडिट*

**जबलपुर।** यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से भारतीय रेल ने देशभर के रेलवे स्टेशनों पर फायर सेफ्टी ऑडिट कराने का निर्णय लिया है। इस ऑडिट के तहत स्टेशनों पर मौजूद अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच की जाएगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके और यात्रियों व रेलवे संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जांच में स्टेशन भवन, विद्युत प्रणाली, एयर कंडीशनिंग एवं वेंटिलेशन सिस्टम, इमरजेंसी एग्जिट, फायर फाइटिंग सिस्टम, पानी की उपलब्धता, पंपिंग व्यवस्था और स्प्रिंकलर सिस्टम सहित सभी सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह भी देखा जाएगा कि स्टेशनों पर निर्धारित फायर सेफ्टी नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं। जहां भी कमी पाई जाएगी, वहां तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। इसके लिए विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमें गठित की जाएंगी तथा आवश्यकता पड़ने पर राज्य फायर विभाग और विशेषज्ञ एजेंसियों की सहायता भी ली जाएगी। रेलवे का कहना है कि यह कदम यात्रियों की सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## मीनाक्षी नटराजन प्रकरण को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना, पार्टी नेतृत्व की कार्यशैली पर उठाए सवाल

# सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी करना उचित नहीं, संज्ञान ले न्यायालय : राकेश सिंह

**जबलपुर।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा की जा रही टिप्पणियों पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्यायपालिका का सम्मान सर्वोपरि है और किसी भी राजनीतिक दल या नेता को अदालतों पर टिप्पणी करने की छूट नहीं मिलनी चाहिए। मंत्री ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन से जुड़े मामले में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने जिस तरह सार्वजनिक बयान दिए हैं, वह स्वस्थ राजनीतिक परंपराओं के अनुरूप नहीं है। राकेश सिंह ने कहा कि भारतीय राजनीति में लंबे समय तक न्यायालयों के प्रति



सम्मान की परंपरा रही है और राजनीतिक मतभेदों के बावजूद अदालतों के निर्णयों व कार्यवाहियों पर इस प्रकार की सार्वजनिक टिप्पणियां नहीं की जाती थीं। उनके अनुसार हाल के घटनाक्रम में कुछ नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट को लेकर जिस तरह बयानबाजी की है, वह चिंता का विषय है।

### सुप्रीम कोर्ट से कार्रवाई की मांग

मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि न्यायपालिका की गरिमा बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट को इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अदालत पर टिप्पणी करने वाले नेताओं और संबंधित व्यक्तियों से जवाब तलब किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाया जा सके। उनका मानना है कि न्यायपालिका के प्रति सम्मान बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। मीनाक्षी नटराजन प्रकरण का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कांग्रेस संगठन की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पार्टी की तैयारी और नेतृत्व के स्तर पर समन्वय की कमी दिखाई दी, जिसके कारण यह स्थिति बनी। राकेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस को अपनी राजनीतिक परिस्थितियों का आत्ममंथन करना चाहिए और हार या असफलता के लिए अन्य संस्थाओं अथवा व्यक्तियों को जिम्मेदार ठहराने के बजाय संगठनात्मक कमियों पर ध्यान देना चाहिए।

## *रीवा से चलेगी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन, ज्योतिर्लिंग और द्वारका दर्शन का मिलेगा अवसर*

**जबलपुर।** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) द्वारा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "भारत गौरव पर्यटक ट्रेन" का संचालन रीवा से किया जाएगा। यह विशेष ट्रेन 11 जुलाई 2026 को रीवा स्टेशन से रवाना होगी और पश्चिम मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से यात्री इसमें शामिल हो सकेंगे। यात्रा के दौरान सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, रानी कमलापति, भोपाल, शुजालपुर एवं उज्जैन जैसे प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव रहेगा। इस यात्रा के तहत श्रद्धालुओं को द्वारकाधीश मंदिर, सोमनाथ, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं ओंकारेश्वर सहित प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे। लगभग 10 रात और 11 दिन की इस यात्रा में धार्मिक पर्यटन का विशेष अनुभव मिलेगा। आईआरसीटीसी ने यात्रियों की सुविधा के लिए पैकेज में रेल यात्रा, भोजन, आवास, स्थानीय परिवहन, दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा एवं टूर एस्कॉर्ट जैसी सुविधाएं शामिल की हैं। इच्छुक यात्री आईआरसीटीसी की आधिकारिक पर्यटन वेबसाइट या रेलवे स्टेशनों एवं कार्यालयों से संपर्क कर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।



# नयानगर में कांग्रेस का प्रदर्शन मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

**जबलपुर।** चरगवां ब्लॉक के अंतर्गत नयानगर बाजार में कांग्रेस पार्टी ने पोल खोल, हल्ला बोल आंदोलन के तहत प्रदेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष डहेरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन कर सरकार की नीतियों के प्रति नाराजगी जताई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर नारेबाजी भी की। प्रदर्शन में मन्नी बाई, समनलू सिंह मरावी, रामकुमार सियाम, हरि चक्रवाती, रामसेवक भलावी, उमा, रामेश्वर मासाब, देवेंद्र प्रजापति, रवि पटेल, गोलू पटेल, भगत जी, सोनू सेन, पप्पू महाराज, सरदार सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में अवैध शराब बिक्री, बंद पड़ी गोशालाएं, पेट्रोल-डीजल और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतें तथा बढ़ती बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सरकार गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि आम जनता महंगाई और मूलभूत सुविधाओं की कमी से परेशान है।

## 5 विभागों के कार्यों की समीक्षा में निगमायुक्त की दो टूक चेतावनी

# जनशिकायतों के निवारण में देरी बर्दाश्त नहीं

**जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त ने शनिवार को स्वास्थ्य भवन, अतिक्रमण व लोककर्म विभाग के कामों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक की शुरुआत में निगमायुक्त ने स्वास्थ्य और सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की स्थिति जानी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नागरिकों की शिकायतों का निवारण हमारी प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी प्रकार निगमायुक्त ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित कराने निर्देश दिए। निगमायुक्त अहिरवार ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने तथा कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी दिनों में नागरिकों को सुचारू और शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कार्य योजना की समीक्षा की।उन्होंने भवन एवं लोक कर्म विभाग के अंतर्गत शहर में चल रहे निर्माण कार्यों, सड़कों की मरम्मत और बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। शहर के बैठक में निगमायुक्त ने प्रमुख बाजारों और मार्गों को यातायात के लिए सुगम बनाने तथा अवैध अतिक्रमण पर निरंतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### समय सीमा में काम पूरा करने का अल्टीमेटम

समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने सभी विभागीय प्रमुखों और अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि सभी विकास कार्य और जनता से जुड़े मामले समय सीमा के भीतर ही पूर्ण होने चाहिए। मैदानी निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पाई गई हैं, उन्हें तुरंत सुधारा जाए। अधिकारी केवल दफ्तर में न बैठें, बल्कि खुद फील्ड में उतरकर कार्यों की गुणवत्ता और गति की निगरानी करें।

## गेहूं घोटाला

# बड़े जिम्मेदारों पर अब भी सवाल

**जबलपुर।** जिले में सामने आए 1.37 करोड़ रुपये के गेहूं घोटाले में अब तक प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई जरूर हुई है, लेकिन पूरे मामले में जवाबदेही को लेकर सवाल लगातार उठ रहे हैं। जांच में 5167 क्विंटल से अधिक गेहूं गायब मिलने के बाद खरीदी केंद्र प्रभारी, सहायक खाद्य अधिकारी सहित 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।

प्रशासनिक जांच में रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक के बीच भारी अंतर, फर्जी प्रविष्टियां तथा खरीदी प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। इसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि कार्रवाई के बावजूद कई सवाल अनुत्तरित हैं। खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम और निगरानी व्यवस्था से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका को लेकर अब तक कोई स्पष्ट कार्रवाई सामने नहीं आई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी बड़ी मात्रा में गेहूं की कमी

**निगरानी से जुड़े अधिकारियों पर अब तक कोई एक्शन नहीं**



केवल निचले स्तर के कर्मचारियों की जानकारी तक सीमित नहीं हो सकती और पूरी जवाबदेही तय किए बिना घोटाले की तह तक पहुंचना कठिन होगा। यह प्रश्न भी उठ रहा है कि यदि नियमित निरीक्षण और सत्यापन की व्यवस्था प्रभावी थी तो इतनी बड़ी गड़बड़ी लंबे समय तक पकड़ में क्यों नहीं आई।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले जिले में धान खरीदी और परिवहन से जुड़े मामलों में 74 लोगों के खिलाफ विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज की गई थी। उस कार्रवाई को प्रदेश के बड़े खाद्यान्न घोटालों में से एक माना गया था।

वर्तमान गेहूं घोटाले में भी अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जांच केवल एफआईआर तक सीमित रहती है या फिर उन अधिकारियों और जिम्मेदार व्यक्तियों तक भी पहुंचती है जिनकी निगरानी में पूरी व्यवस्था संचालित हो रही थी। विपक्षी दलों और सामाजिक संगठनों ने मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा है कि केवल निचले स्तर के कर्मचारियों पर कार्रवाई कर मामले को समाप्त नहीं किया जाना चाहिए।

# सरकारी फंड नहीं तो मंदिर पर शासकीय नियंत्रण नहीं, हाई कोर्ट ने निरस्त किया आदेश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि किसी मंदिर को शासकीय नियंत्रणाधीन मानने के लिए उसे सरकार से वित्तीय सहायता मिलना आवश्यक है। इसी आधार पर जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने सागर के पहलवान बब्बा मंदिर को सरकारी नियंत्रण में लेने संबंधी आदेश निरस्त कर मामला पुनर्विचार के लिए संभागायुक्त के पास भेज दिया। मंदिर के संस्थापक रामेश्वर प्रसाद तिवारी की ओर से अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी, आनंद शुक्ला व अपूर्व त्रिवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि शासकीय देवस्थान प्रबंध समिति नियम, 2019 के नियम 1(जी) के अनुसार केवल वही मंदिर शासकीय नियंत्रण में आ सकता है, जिसे सरकारी अनुदान प्राप्त हो। प्रश्नगत मंदिर को कभी कोई शासकीय फंड नहीं मिला। कोर्ट ने पाया कि मंदिर को सरकारी नियंत्रण में लेते समय इस महत्वपूर्ण पहलू पर विचार नहीं किया गया। इसलिए 2 सितंबर 2024 को पारित संभागायुक्त का आदेश विधिसम्मत नहीं ठहराया जा सकता। हाई कोर्ट ने आदेश निरस्त कर अपील पर सभी पक्षों की दलीलों के आधार पर नए सिरे से निर्णय लेने के निर्देश दिए।



## चेक बाउंस मामले में 6 माह की सजा

**जबलपुर।** न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी वंदना सिंह की कोर्ट ने चेक बाउंस मामले में नागपुर निवासी आशीष बजाज को 6 माह की सजा सुनाई है। न्यायालय ने 9 प्रतिशत ब्याज के साथ 4 लाख 10 हजार रुपए प्रतिकर अदा करने का भी आदेश दिया। उपरैनगंज निवासी नरेन्द्र अग्रवाल की ओर से दायर प्रकरण में कहा गया कि आशीष बजाज ने वर्ष 2014 में 2 लाख रुपए का चेक दिया था। परिवादी की ओर से अधिवक्ता सचिन अग्रवाल ने कोर्ट को बताया कि उक्त चेक बाउंस हो गया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी को 6 माह की सजा सुनाई।

## सिवनी टोला में अवैध शराब दुकान के विरोध में प्रदर्शन



**जबलपुर।** शहर के सिवनी टोला क्षेत्र में नियमों के विपरीत शराब दुकान खोले जाने के आरोपों को लेकर विवाद गहरा गया है। इस मामले को लेकर बहुजन चेतना विकास मोर्चा और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम मेहरा ने आरोप लगाया कि निर्धारित टेंडर के अनुसार शराब दुकान का स्थान गंगई बरखेड़ा (थाना चरगवां, तहसील शहपुरा) होना था, लेकिन कथित तौर पर प्रशासनिक और राजनीतिक मिलीभगत से इसे सिवनी टोला में संचालित करने की कोशिश की जा रही है। संगठन ने इसे नियमों की अवहेलना बताया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जहां आम नागरिकों पर छोटी शराब की मात्रा मिलने पर भी सख्त कार्रवाई होती है, वहीं प्रभावशाली शराब ठेकेदार नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं और प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा। स्थिति को देखते हुए मौके पर सीएसपी और तहसीलदार पहुंचे, जहां प्रदर्शनकारियों ने अपनी चार सूत्रीय मांगें रखीं, जिनमें दुकान को तत्काल सील करना, ठेकेदार का लाइसेंस निरस्त करना, जिम्मेदारों पर धारा 34(2) के तहत कार्रवाई और दुकान को उसके निर्धारित स्थान गंगई बरखेड़ा में स्थानांतरित करना शामिल है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## शिव कल्याण मंदिर में देवी भागवत कथा का आयोजन
# भगवती जगदम्बा के ध्यान को बताया मुक्ति का मार्ग

**जबलपुर।** प्राचीन शिव कल्याण मंदिर, लार्डगंज में श्रीमानस पीठ एवं चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जाबालीपुरम के तत्वावधान में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर भव्य देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के दौरान डॉ. स्वामी गिरजानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि जो माया समस्त जगत को अपने वश में रखती है, वह परम तत्व से ही प्रेरित रहती है और जीवों में मोह उत्पन्न करती है। उन्होंने कहा कि इस माया से मुक्ति का एकमात्र उपाय भगवती जगदम्बा का ध्यान, पूजन, वंदन, जप और कीर्तन है। उन्होंने आगे कहा कि भगवती जगदम्बा का ध्यान ही सच्चा पूजन है और अन्य देवता इस माया से मुक्ति दिलाने में सक्षम नहीं हैं। कार्यक्रम में पं. मनमोहन दुबे, देवेंद्र नेमा, नरेश कहार, पवन जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मातृशक्ति एवं भक्तजन उपस्थित रहे।



## महाराणा प्रताप जयंती पर 17 जून को निकलेगी शौर्य यात्रा

**जबलपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक में निर्णय लिया गया कि हिंदुआ सूरजवीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर इस वर्ष भी परंपरानुसार शौर्य यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह भव्य शौर्य यात्रा 17 जून 2026, बुधवार को शाम 4 बजे सिविक सेंटर से निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर द नागेंद्र होटल, लेबर चौक गढ़ा रोड में विस्तृत चर्चा हेतु बैठक आयोजित की गई, जिसमें तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी शैलेन्द्र सिंह (प्रदेश अध्यक्ष), नागेंद्र सिंह, दिलीप सिंह, प्रवेंद्र चौहान, कासु सिंह, राजेश सिंह, सत्येंद्र सिंह, अनूप सिंह बबलू सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के सदस्य उपस्थित रहे।



# पेंशनर्स का विशाल जल सत्याग्रह धारा 49 विलोपित करने की मांग

**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष एच.पी. उरमलिया के नेतृत्व में राज्य के पेंशनर्स ने एक सूत्रीय मांग को लेकर विशाल जल सत्याग्रह किया। प्रदर्शन के दौरान पेंशनर्स ने मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 को पेंशनर्स हित में विलोपित करने तथा महंगाई राहत का भुगतान केंद्र के अनुरूप किए जाने की मांग की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन माँ नर्मदा के जल में अर्पित किया गया। इस आंदोलन में मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के पेंशनर्स सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स शामिल रहे। कार्यक्रम में शेषमणि पाण्डेय, गौरीशंकर पाण्डेय, मोहन अग्रवाल, विजय चौकसे, सी.एल. दोहरे, ए.के. शुक्ला, आर.के. श्रीवास्तव, एस.के. श्रीवास्तव, आर.एस. सक्सेना, के.सी. अवस्थी, श्रवण कुमार श्रोती, बी.एस.पी. गौर, उमेश हंस, लल्लू पटेल सहित सैकड़ों पेंशनर्स उपस्थित रहे।



# महिला यात्रियों की सुरक्षा व जागरूकता के लिए जीआरपी का संवाद कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** रेलवे स्टेशन परिसर में महिला यात्रियों की सुरक्षा, जागरूकता एवं विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से जीआरपी थाना जबलपुर द्वारा विशेष जनसंपर्क एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जीआरपी की महिला पुलिसकर्मियों ने महिला यात्रियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं, सुझाव एवं सुरक्षा संबंधी चिंताओं को सुना। इस दौरान यात्रियों को रेल यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, महिला हेल्पलाइन, आपातकालीन सहायता सेवाओं तथा रेलवे पुलिस द्वारा उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। महिला यात्रियों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि, छेड़छाड़ या अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें एमपी जीआरपी हेल्प ऐप, हेल्पलाइन नंबर 139 सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।



## विश्व रक्तदान दिवस आज
# रमेश नायडू 10 हजार से ज्यादा लोगों से करा चुके रक्तदान

**जबलपुर।** इंजीनियरिंग का पेशा छोड़ समाज सेवा में अपना योगदान दे रहे इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य रमेश नायडू पिछले 15 वर्षों में खुद साल में दो बार रक्तदान कर रहे हैं और शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को लगातार रक्तदान के लिए जागरूक करते आ रहे हैं। श्री नायडू अपने एकल प्रयासों से कॉलेज, सरकारी एवं अनेक सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर अभी तक 500 से ज्यादा रक्तदान शिविरों का आयोजन कर 10 हजार से ज्यादा लोगों का रक्तदान करा चुके हैं। श्री नायडू ने बताया उनका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण नौजवानों को प्रेरित करना है, जहां जागरूकता की कमी के कारण अभी भी रक्तदान के प्रति भय है।



# शिक्षकों को शत-प्रतिशत मैपिंग व व्यवस्थाओं पर सख्त निर्देश
## सांदीपनि विद्यालय में हुई शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक





**सिहोरा।** पं. विष्णु दत्त सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय में शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी सत्र की तैयारियों, विभागीय कार्यों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जिला शिक्षा केंद्र जबलपुर के डीपीसी योगेश शर्मा ने शिक्षकों को कड़ी फटकार लगाते हुए शत-प्रतिशत मैपिंग, छात्र नामांकन और विद्यालयों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कक्षा-1 में शून्य नामांकन की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त की और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। इस उच्च स्तरीय बैठक में एपीसी राजेश तिवारी, बीईओ अरविंद धुर्वे, बीआरसी बृजेश श्रीवास्तव, जिला प्रोग्रामर पारुल राय, सीएम राइज प्राचार्य अशोक उपाध्याय सहित शिक्षा विभाग के कई अधिकारी और तकनीकी अमला उपस्थित रहा। बैठक में सभी विद्यालयों में 100 प्रतिशत छात्र मैपिंग, चाइल्ड ट्रैकिंग और पोर्टल पर प्रोग्रेशन कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी छात्रों की 'अपार आईडी' शीघ्र बनाने पर जोर दिया गया। बीईओ ने निर्देश दिए कि सभी शिक्षक और कर्मचारी प्रतिदिन ई-अटेंडेंस अनिवार्य रूप से दर्ज करें, और भविष्य में वेतन भुगतान भी इसी प्रणाली के आधार पर किया जाएगा। बैठक में 'हमारे शिक्षक ऐप', चाइल्ड ट्रैकिंग ऐप, सोशल ऑडिट मॉनिटरिंग, स्व-सहायता समूहों का नवीनीकरण एवं एफआईएमए पोर्टल के संचालन की जानकारी भी साझा की गई।

# अवैध प्लाटिंग का काला कारोबार हुआ तेज
## नामांतरण व साइबर तहसील व्यवस्था पर उठे सवाल

**सिहोरा।** क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग और भूखंडों की खरीद-फरोख्त से जुड़े कथित काले कारोबार के बढ़ते मामलों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भू-माफिया और दलाल मिलकर भोले-भाले क्रेताओं को आकर्षक योजनाएं दिखाकर प्लाट बेच रहे हैं, जबकि बाद में उन्हें गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खेतों में मुरुम डालकर की गई कच्ची प्लाटिंग को विकसित कॉलोनी बताकर लोगों को भूखंड खरीदने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके बाद नामांतरण, डायवर्सन, नगरपालिका अनुमति और अन्य प्रक्रियाओं में देरी के कारण क्रेता वर्षों तक परेशान होते हैं। नागरिकों का कहना है कि साइबर तहसील व्यवस्था और ऑनलाइन नामांतरण प्रणाली लागू होने के बावजूद जमीनी स्तर पर काम समय पर नहीं हो रहा है। कई मामलों में भूमि खरीद के बाद भी राजस्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज नहीं हो पा रहा, जिससे लोगों को बैंक लोन, सरकारी कार्यों और दस्तावेजी प्रक्रियाओं में कठिनाई हो रही है।

## साहित्यिक संस्था अभिव्यक्ति का वार्षिकोत्सव आज

**सिहोरा।** साहित्यिक संस्था अभिव्यक्ति का वार्षिकोत्सव आज दोपहर 3.30 बजे से होटल यशराज में संतश्री सियाबल्लभदास वेदान्ती कटाव धाम के मुख्य आतिथ्य, अश्वनी कुमार पाठक वरिष्ठ साहित्यकार की अध्यक्षता, संतोष बरकड़े विधायक सिहोरा, नित्य-निरंजन खम्परिया पूर्व विधायक के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया है। इसमें पंचशील, जूही, वीणा, समता, एंग्लो क्लब, एमसन, नवनीत युवा समिति सिहोरा, समवेत स्वर संस्था के साथ पत्रकार, विशिष्ट जन सम्मान के अलावा डा.अरुणा पाण्डे की देखी-सुनी-कही, आशा अवस्थी कठपुतली चल पड़े हैं ये कदम आदि का पुस्तक विमोचन भी किया जायेगा। साथ ही कवि गोष्ठी का भी आयोजन होगा।

## पेंशन डाक अदालत 24 जुलाई को

**जबलपुर।** जबलपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, छतरपुर, रीवा, मंडला, शहडोल, सागर, सतना डाक संभागों के डाकघरों से पेंशन प्राप्त कर रहे सम्मानीय डाक पेंशन धारकों को सूचित किया जाता है कि पेंशन से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु कार्यालय पोस्ट मास्टर जनरल, जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर में दिनांक 24.07.2026 दिन शुक्रवार को पूर्वान्ह 11 बजे पेंशन डाक अदालत का आयोजन किया जाना है। अतः जबलपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, छतरपुर, रीवा, मंडला, शहडोल, सागर, सतना के डाक संभागों के डाकघरों से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशन धारकों से अनुरोध है कि पेंशन से संबंधित आ रही समस्याओं के संबंध में दिनांक 15.07.2026 दिन बुधवार तक आवेदन वरिष्ठ लेखाधिकारी कार्यालय पोस्ट मास्टर जनरल, जबलपुर परिक्षेत्र, जबलपुर को प्रेषित, प्रस्तुत कर सकते हैं। दिनांक 15.07.2026 के पश्चात प्राप्त ओवदनों को डाक पेंशन अदालत में सम्मिलित किया जाना संभव नहीं हो सकेगा।

## निधन



**श्री रमाशंकर उपाध्याय-** इंदिरा गांधी वार्ड गढ़ा प्यासी भवन के पास निवासी श्री रमाशंकर उपाध्याय का निधन हो गया। वे नरेश एवं नितिन के पिताजी थे।



**श्री कृष्ण कुमार जैन-** न्यू कटनी निवासी रेलवे से सेवानिवृत्त श्री कृष्ण कुमार जैन (70) का निधन हो गया। वे ओएफके ईईएस उमा शाला में शिक्षक राजेश जैन तथा विनय जैन के अग्रज एवं शोभा और सपना जैन के पिता थे। मुखाग्नि उनके दामाद चंदन ने दी। अंतिम संस्कार न्यू कटनी स्थित मोक्षधाम में किया गया।

**श्री ओम प्रकाश पटेल-** बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ गौरीघाट रोड स्थित पटेल मोहल्ला निवासी श्री ओम प्रकाश पटेल (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजू कोरी-** न्यू कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री राजू कोरी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शीला प्रजापति-** रामपुर बागवान नगर कॉलोनी निवासी श्री श्याम लाल प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती शीला प्रजापति (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अहिल्या बाई गजभिये-** बेलबाग घमापुर चौक के पास निवासी श्री अम्बादास गजभिये की धर्मपत्नी श्रीमती अहिल्या बाई गजभिये (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री दुलाल चंद्र मित्रा-** पूर्वी निवाड़गंज गेट 4 के पास निवासी श्री दुलाल चंद्र मित्रा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोती लाल चौधरी-** हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री मोती लाल चौधरी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती छोटी बाई कोरी-** त्रिमूर्ति नगर गायत्री मंदिर के पास निवासी श्री अनंत कुमार कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई कोरी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ताल सिंह-** बंगला नं. 25 सदर कैंट निवासी श्री ताल सिंह (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री गणेश करोसिया-** इंद्रा नगर बिलपुरा निवासी श्री गणेश करोसिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नीरज किशोर वर्मा-** मानेगांव वेस्टलैंड रांझी निवासी श्री नीरज किशोर वर्मा (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई मछंदर-** रामपुर बेन मोहल्ला निवासी श्री श्याम मछंदर की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई मछंदर (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रभात श्रीवास्तव-** कंचनपुर अधारताल निवासी श्री प्रभात श्रीवास्तव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राम मूर्ति पिल्ले-** राजीव नगर कटंगा निवासी श्री राम मूर्ति पिल्ले (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति वर्गसेमी.
फिक्स साइज:- 8x4 सें.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 सें.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 12x8 सें.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

**CHANGE OF NAME**

I, Jyoti Kumari Singh, daughter of Baidyanath Prasad Singh, resident of B/63, Mandla Road, Little Bar, Tilhari, Bilhari, Jabalpur (M.P.), holder of Aadhaar No. 7299 1731 0078, have changed my name to Jyoti Singh Kourav after my marriage with Shakti Singh Kourav on 16/04/2018. My name has been duly corrected in my Aadhaar Card and other relevant documents. Henceforth, I shall be known and identified as Jyoti Singh Kourav for all purposes. vide affidavit dated 13/06/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. 15695706F RANK HAV NAME B RENO ASTLINE S/O C BONI PASS OF UINT 2TTR, (1STC), JABALPUR (MP) AADHAR CARD No. 5515 3766 6461 I, have changed name of my SON from ALIN RIO (Name as per my Army Service Records) to R ALIN RIO (Name as per my SON, AADHAR CARD NO. 9711 8770 6251 AND MY SON, BIRTH CERTIFICATE) vide affidavit dated 13/06/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

CORRECT NAME
R ALIN RIO
INCORRECT NAME
ALIN RIO

**नाम एंव जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

I, SUSHILAMMA is legally MOTHER of ARMY NO-15709332K, Rank- NK, Name- MANJUNATHA K presently residing at Vill - GOWRAPURA - POST- SUNNADHA HALLI, Teh - BHADRAVATHI, Distt - SHIVAMOGGA, State- KARNATAKA, PIN - 577245 शपथपूर्वक नि.लि. कथन करती हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि SUSHEELAMMA /01/07/1957 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एंव जन्मतिथि SUSHILAMMA / 01/01/1968 दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र न. 38AA580056 दिनांक 13-06-26 नोटरी जबलपुर म. प्र.।

गलत नाम एंव जन्मतिथि
SUSHEELAMMA /01/07/1957
सही नाम एंव जन्मतिथि
SUSHILAMMA /01/01/1968

**बैग गुमा**

मेरा काले रंग का बैग एम. एल.बी. स्कूल से गेट नं.4 के बीच मदनमहल में जिसमें बी.ए सागर यूनिवर्सिटी की डिग्री एवं अन्य शैक्षणिक कागज़ात, दिनांक-11.06. 2026 को गुम गये है। जिस किसी सज्जन को मिले वह निम्न पते पर पहुँचने का कष्ट करें उचित इनाम दिया जायेगा।

**चंद्रकुमार सिंघई**
1937, राइटटाउन, प्रेम मंदिर के सामने, मदनमहल, जबलपुर, मो.9425152809

**आम सूचना**

दिनांक- 12/06/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण मुकेश कुमार जैन अधिवक्ता एवं श्रेयश जैन पिता मुकेश कुमार जैन, निवासी फ्लेट नं.-709, मुस्कान प्लाजा जबलपुर व्दारा विक्रेता वीरेन्द्र कुमार जायसवाल पिता स्व. विजय कुमार जायसवाल निवासी म.नं. - 37/1 हाउसिंग सोसायटी रामपुर जबलपुर वालो से उनके स्वत्व का प्लाट जो कि मौजा सिलुआ प.ह.नं.-00152 तहसील व जिला जबलपुर जिसका खसरा नं.-पुराना 207 नया 386/1/1/1/1/1 रकवा 0.7470 हे. भूमि अंश भाग खसरा नं.-323/840 में से कुल प्लाट एरिया 2500 वर्गफुट जिसका विक्रय अनुबंध कर कुल विक्रय मूल्य का भुगतान कर कब्जा प्राप्त किया गया है जिसका बैनामा किया जाना शेष हैं। विक्रेता व्दारा बैनामा किये जाने में हीला हवाला किया जा रहा है और विक्रेता वीरेन्द्र कुमार जायसवाल व्दारा उक्त प्लाट को पुनः विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त प्लाट को क्रय न करें अन्यथा होने वाले हर्जे खर्चे व परिणाम के लिए वह स्वतः जबावदार होगा।

जबलपुर
दिनांक- 12/06/2026

भवदीय
अजीत शर्मा एडवोकेट
म.प्र.उच्च न्यायालय, जबलपुर (म.प्र.)
ऑफिस/निवास- 470, जार्ज, डिसिल्वा वार्ड गोरखपुर, जबलपुर (म.प्र.) मो.नं.-9329591744

## परसमनिया गढ़ी और पेट्रोल पंप के संचालन को लेकर सालों से चल रहा विवाद

# नागौद राजघराने की परसमनिया गढ़ी में खूनी संघर्षः बाबा राजा से मारपीट पर काउंटर मामला दर्ज

### घटना की 48 घंटे बाद दो वीडियो आए सामने

**सतना।** नागौद राजघराने की परसमनिया गढ़ी में गुरुवार को हुए बहुचर्चित गोलीकांड के बाद मामला और उलझ गया है। गोली चलने की घटना के बाद अब दूसरे पक्ष ने भी उचेहरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है,जिसके आधार पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ काउंटर एफ आई आर दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी सतीश मिश्रा के मुताबिक,रुपेंद्र सिंह उर्फ बाबा राजा की शिकायत पर उनके साले नागेंद्र सिंह राठौर सहित दो अन्य लोगों के खिलाफ गाली-गलौज,धमकी और मारपीट के आरोपों में भारतीय न्याय संहिता की धारा 294,115 और 351 के तहत मामला दर्ज किया गया है। शनिवार को बाबा राजा का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया,जिसकी रिपोर्ट जांच में शामिल कर ली गई है।



### कमरे का दरवाजा बंद कर सुनीता सिंह ने दागी थीं गोलियां

घटनाक्रम के अनुसार,गुरुवार दोपहर योगिता सिंह अपनी मां नरेंद्र कुमारी सिंह,पुत्र पृथुदेव सिंह और भाई नागेंद्र सिंह के साथ परसमनिया गढ़ी में अपना सामान लेने पहुंची थीं। आरोप है कि वहां पहुंचते ही दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई,जो देखते ही देखते विवाद और मारपीट में बदल गई। योगिता सिंह की मां नरेंद्र कुमारी सिंह ने आरोप लगाया है कि विवाद के दौरान सुनीता सिंह ने गाली-गलौज शुरू की और बाद में कमरे का दरवाजा बंद कर अपनी लाइसेंसी बंदूक से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। सुनीता सिंह ने .22 बोर की बंदूक से कई राउंड फायर किए,जिसमें से एक गोली योगिता सिंह के पेट में जा लगी।

### घायल योगिता सिंह की हालत अब स्थिर

गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुईं योगिता सिंह को पहले सतना और बाद में रीवा के विंध्य सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में रेफर किया गया। चिकित्सकों के अनुसार,ऑपरेशन के बाद उनकी हालत अब स्थिर है और वे खतरे से बाहर बताई जा रही हैं। इधर,गोलीकांड की मुख्य आरोपी सुनीता सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से .22 बोर की लाइसेंसी बंदूक,8 जिंदा कारतूस और घटनास्थल से 4 खाली खोखे बरामद किए गए हैं। शुक्रवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया,जहां से अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।



### 8 साल पुराना है संपत्ति का विवाद

राजघराने से जुड़े सूत्रों के मुताबिक,रुपेंद्र सिंह उर्फ बाबा राजा और उनकी पत्नी योगिता सिंह के बीच करीब आठ साल से पारिवारिक विवाद चल रहा है। इसी दौरान सुनीता सिंह का नाम भी विवादों में सामने आया। बताया जाता है कि संपत्ति, परसमनिया गढ़ी और पेट्रोल पंप के संचालन को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ था। जनवरी 2022 में कांतिदेव सिंह के निधन के बाद यह विवाद और बढ़ गया। इसके बाद योगिता सिंह और उनके बेटे को नागौद किले में शिफ्ट कराया गया था। करीब डेढ़ वर्ष पहले भी योगिता सिंह ने सुनीता सिंह के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया था।

### बाबा राजा की पिटाई, वीडियो वायरल

शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। इस वीडियो में घटना के बाद बाबा राजा के साथ जमकर मारपीट करते हुए कुछ लोग दिखाई दे रहे हैं। इसी वीडियो और बाबा राजा की शिकायत के आधार पर पुलिस ने साले नागेंद्र सिंह समेत तीन लोगों पर जवाबी मामला दर्ज किया है।

## दलित मजदूर से की बेरहम मारपीट

**सतना।** मध्य प्रदेश के सतना जिले के नागौद बस स्टैंड चौराहे पर एक बेहद ही अमानवीय और शर्मनाक घटना सामने आई है। यहाँ छत की मरम्मत कर रहे एक दलित मजदूर के साथ सरेराह मारपीट और अभद्र व्यवहार किया गया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से ही आरोपी फरार बताया जा रहा है।

### क्या है पूरा मामला?

जानकारी के अनुसार,शुक्रवार शाम नागौद बस स्टैंड के पास स्थित एक बुक सेंटर की दुकान के ऊपर छत की मरम्मत का काम चल रहा था।इसी दौरान वहाँ काम कर रहे मजदूर धीरेंद्र (धीरमु) चौधरी (पिता कमलेश चौधरी,निवासी सेमरवार) के साथ मनोज पुरवार नाम के व्यक्ति ने विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि विवाद के दौरान मनोज पुरवार ने अमानवीयता की सारी हदें पार करते हुए मजदूर के बाल पकड़े,उसे बेरहमी से घसीटा और जबरन घुटनों के बल बैठा दिया। इस बीच उसके साथ जमकर मारपीट भी की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,घटना के वक्त मजदूर की पत्नी लगातार रोती-बिलखती रही और अपने पति को बचाने की गुहार लगाती रही,लेकिन काफी देर तक भीड़ में से कोई भी आगे नहीं आया। बाद में वहाँ मौजूद एक युवक ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया।

## चार बच्चों की मां की गला रेत कर हत्या

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के बैहर स्थित मोदीनगर में चार बच्चों की मां की गला रेतकर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड में 'गणेश' नाम के एक युवक पर शक की सुई घूम रही है, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को मोदीनगर में एक अधूरे बने (निर्माणाधीन) मकान में 35 वर्षीय सविता धुर्वे का खून से लथपथ शव मिला। सविता की गर्दन पर धारदार हथियार से वार किया गया था(। सविता के पति का पहले ही निधन हो चुका था और वह अपनी बेटियों के साथ रहती थीं। गुरुवार की रात सविता घर पर नहीं थीं। शुक्रवार को जब उनकी बेटियां उस निर्माणाधीन मकान की तरफ गईं, तो वहां अपनी मां की लाश देखकर उनके होश उड़ गए। सविता की बेटियों ने पुलिस को बताया कि 'गणेश अंकल' अक्सर उनके घर आते-जाते थे और वहीं रहते भी थे। वहीं, आस-पड़ोस के लोगों ने भी पुलिस को जानकारी दी है कि सविता को आखिरी बार उसी गणेश नाम के युवक के साथ देखा गया था। इन बयानों के बाद पुलिस गणेश को मुख्य संदिग्ध मानकर उसकी तलाश कर रही है।

## पंचायत और प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

# पिकनिक मनाने आए सिवनी के बालक की डूबने से मौत



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर**

पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना 'घोघरा वॉटरफॉल' शनिवार को एक बार फिर मातम का गवाह बना। यहाँ नहाने के दौरान पानी में डूबने से 16 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। इस दुखद घटना ने न केवल एक हंसता-खेलता परिवार उजाड़ दिया है, बल्कि प्रशासन और स्थानीय पंचायत की लचर सुरक्षा व्यवस्था की कलई भी खोल कर रख दी है।

जिला सिवनी निवासी सोमकांत पिता संतोष विश्वकर्मा (16 वर्ष) अपने साथियों के साथ सुप्रसिद्ध चमत्कारिक जाम सांवली हनुमान मंदिर दर्शन करने आया था। दर्शन के उपरांत सभी साथी पिकनिक मनाने पास ही स्थित घोघरा वॉटरफॉल पहुँच गए। नहाते समय सोमकांत का पैर फिसलने या गहरे पानी का अंदाजा न होने के कारण वह गहराई में चला गया। साथियों के चिल्लाने तक बहुत देर हो चुकी थी और डूबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही लोधीखेड़ा टीआई ए.बी मर्सकोले अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### घोघरा में सुरक्षा के नाम पर केवल खानापूर्ति

घोघरा वॉटरफॉल पर रोजाना सैकड़ों की संख्या में सैलानी परिवार युवा पहुँचते हैं, लेकिन यहाँ की सुरक्षा 'राम भरोसे' है। यहाँ न तो खतरनाक क्षेत्रों में कोई चेतावनी बोर्ड लगा है, न ही गहरे पानी की ओर जाने से रोकने के लिए बैरिकेडिंग की गई है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि पर्यटन स्थल घोषित होने के बावजूद यहाँ सुरक्षा गार्ड या गोताखोरों की कोई तैनाती नहीं है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और पंचायत को आईना दिखाते हुए कड़े सवाल खड़े किए हैं, जानलेवा गहराई वाले क्षेत्रों को चिह्नित क्यों नहीं किया गया है।भारी संख्या में पर्यटकों के आने के बावजूद यहाँ आपदा प्रबंधन की कोई तैयारी क्यों नहीं है,आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के बाद भी प्रशासन क्यों कुंभकर्णी नींद सो रहा है?स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ग्राम पंचायत रिधोरा और प्रशासन ने यहाँ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए, तो भविष्य में और भी कई मासूम अपनी जान गंवाएंगे। फिलहाल लोधिखेड़ा पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जाँच शुरू कर दी है, लेकिन सवाल यह है कि क्या किसी की जान जाने के बाद ही प्रशासन की नींद खुलेगी?

### पहले भी हो चुकी मौते, नहीं बन रही कोई सुरक्षा व्यवस्था

इसके पहले भी कई युवाओं परिजनों ने यहाँ अपनी जान गंवाई है, लेकिन इसके बावजूद ग्राम पंचायत रिधोरा, जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि 'कुंभकर्णी नींद' से जागने को तैयार नहीं हैं। स्थानीय नागरिकों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि दुर्घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी रहने के बाद भी ग्राम पंचायत और स्थानीय प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। क्या ग्राम पंचायत और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का काम केवल टैक्स वसूलना है या क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी उनकी नैतिक जिम्मेदारी है?हर बार दुर्घटना के बाद अधिकारी जांच का आश्वासन देकर शांत बैठ जाते हैं। आखिर कब तक प्रशासनिक फाइलों में दबी सुरक्षा की योजनाएं धरातल पर उतरेंगी?

## अथर्व हत्याकांड का दमुआ पुलिस ने किया खुलासा

# मुख्य आरोपी सहित चाचा और चचेरा भाई गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ**

नगर के बहुचर्चित अथर्व उर्फ चीकू सोलंकी हत्याकांड का दमुआ पुलिस ने चंद घंटों में खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में मुख्य आरोपी के साथ उसके चाचा और चचेरे भाई को भी गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने हत्या के बाद मृतक की तलाश कर रही भीड़ को गुमराह करने का प्रयास किया था। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 11 निवासी अथर्व उर्फ चीकू सोलंकी 10 जून की रात घर से अनुसुईया माता मंदिर, हनुमान टेकड़ी जाने की बात कहकर निकले थे। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। अगले दिन मंदिर के समीप उनका शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या किए जाने की पुष्टि होने के बाद थाना दमुआ में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आशीष खरे एवं एसडीओपी जुन्नारदेव श्री सुनील वरकड़े के निर्देशन में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सागर साहू को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया।पुलिस के अनुसार आरोपी सागर साहू (27) ने सामाजिक बदनामी के भय से मंदिर के पास अपने कमरे के पीछे बाड़ी में रस्सी से गला घोंटकर अथर्व की हत्या कर दी और शव को लकड़ियों के ढेर के पास छिपा दिया। हत्या के बाद उसने अपने चाचा संतोष साहू (50) और चचेरे भाई नमन साहू (19) को पूरी घटना की जानकारी दी।जांच में सामने आया कि जब परिजन और स्थानीय लोग अथर्व की तलाश कर रहे थे, तब संतोष साहू और नमन साहू मौके पर मौजूद भीड़ को लगातार गुमराह करते रहे। दोनों आरोपियों ने लोगों को घटनास्थल की ओर जाने से रोकने और जांच को भटकाने का प्रयास किया, जिससे हत्या का राज छिपा रहे। पुलिस ने इसे अपराध में सहयोग मानते हुए दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है। घटना में प्रयुक्त रस्सी, मृतक की चप्पल एवं अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जब्त किए गए हैं।हत्याकांड के खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिरसाम, उपनिरीक्षक खेलन सिंह करिहार, प्रधान आरक्षक धरमदास यादव, शिवराम उइके तथा आरक्षक मैनसिंह उइके, नितिन रघुवंशी, सुरजीत मरकाम, प्रेम भलावी और राजकुमार धुर्वे की विशेष भूमिका रही।



## गाय को घसीट ले गया वन राज, वीडियो हुआ वायरल

**हरिभूमि न्यूजः ढीमरखेड़ा**

ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के शाहडार जंगल में गांव के समीप का एक वीडियो शनिवार को सामने आया है, जिसमें एक बाघ गाय का शिकार कर उसे घसीटता हुआ ले जा रहा है। इसके बाद वन्यजीव प्रेमियों में उत्सुकता और स्थानीय ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। यह वही स्थान है जो कुछ महीने पहले चर्चा में आया था, जब एक बाघ को इसी शिवलिंग के पास अपना सिर रगड़ते हुए देखा गया था।

उस घटना के कुछ समय बाद, इसी स्थान पर एक पेड़ पर आराम फरमाते हुए एक तेंदुए को भी कैमरे में कैद किया गया था। एक ही जगह से लगातार बाघ और तेंदुए की तस्वीरें सामने आने से यह क्षेत्र वन्यजीवों का मुख्य गलियारा बन गया है। इन लगातार हो रही गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग पूरी तरह से सतर्क हो गया है। विभाग ने संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा और निगरानी बढ़ा दी है।

**जंगल की ओर न जाये**

वन विभाग ने संभावित आवाजाही वाले रास्तों और संवेदनशील स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाए हैं। ग्रामीणों को जागरूक और सुरक्षित रखने के लिए गांवों में मुनादी भी कराई जा रही है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे मवेशी चराने या लकड़ियां बीनने के लिए अनावश्यक रूप से जंगल की ओर न जाएं।



**लगाये गये चेतावनी बोर्ड**

डीएफओ गर्वित गंगवार ने शाहडार से लगा हुआ वन क्षेत्र काफी घना और सघन है। ऐसे घने जंगलों में वन्य जीवों का मूवमेंट होना एक स्वाभाविक बात है। सुरक्षा के मद्देनजर हमने पूरे परिक्षेत्र में गश्त काफी बढ़ा दी है। एहतियात के तौर पर संभावित स्थानों पर चेतावनी बोर्ड भी लगवाए गए हैं। इसके अलावा ग्रामीणों से लगातार अपील की जा रही है कि वे जंगलों की तरफ अनावश्यक रूप से जाने से बचें ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि को रोका जा सके।

## भाजपा के पूर्व पार्षद के घर में घुसकर बेटे पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला, हालत नाजुक

**सतना।** शहर के कोलगवां थाना अंतर्गत बिरला कॉलोनी में बीती रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब कुछ अज्ञात बदमाशों ने भाजपा के पूर्व पार्षद के घर में घुसकर उनके बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने युवक पर चाकुओं से ताबड़तोड़ कई वार किए और वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। हमले में गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।

**कमरे में सो रहा था विशाल, तड़के पड़ोसियों ने देखा**

मिली जानकारी के अनुसार,भाजपा के पूर्व पार्षद के.एल. यादव का बेटा विशाल यादव रात में अपने घर पर था। रात करीब 2 बजे अज्ञात हमलावर दीवार फांदकर या दरवाजे के रास्ते घर के भीतर दाखिल हुए। बदमाशों ने सोते हुए विशाल पर धारदार चाकुओं से हमला बोल दिया। विशाल के शरीर पर पेट और सीने के पास गहरे जख्म आए हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। सुबह जब पड़ोस के लोग मॉर्निंग वॉक के लिए बाहर निकले,तब उन्हें इस खौफनाक वारदात का पता चला। घर के भीतर विशाल लहूलुहान और अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। पड़ोसियों ने बिना वक्त गंवाए तुरंत इसकी सूचना कोलगवां थाना पुलिस को दी।

**जिला अस्पताल से निजी अस्पताल रेफर, हालत चिंताजनक**

सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायल विशाल को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद विशाल की बिगड़ती हालत और अत्यधिक खून बह जाने के कारण डॉक्टरों ने उसे तुरंत शहर के एक निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक,अंदरूनी अंगों में चोट आने के कारण विशाल की स्थिति अभी भी बेहद चिंताजनक बनी हुई है और उसे वेंटिलेटर /आईसीयू में रखा गया है।

**जांच में जुटी पुलिस, खंगाले जा रहे सीसीटीवी**



घटना के बाद इलाके में भारी तनाव और दहशत का माहौल है। पूर्व पार्षद के घर हुई इस दुस्साहसिक वारदात ने कानून-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। कोलगवां थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है और पुरानी रंजिश सहित तमाम पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

# डोंगरिया के फार्म हाउस में आधी रात को तंत्र-मंत्र के माध्यम से गुप्त धन की खुदाई करने के आरोप में 4 तांत्रिक रंगे हाथों गिरफ्तार

### शराब, मुर्गा और हिरन का पुतला रखकर चल रही थी पूजा, भूमि मालिक ने साथियों के साथ मिलकर पुलिस को सौंपा

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

वारासिवनी पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम डोंगरिया में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां कथित रूप से गड़े धन की खोज और तंत्र मंत्र के चक्कर में एक फार्म हाउस के गेट का ताला तोड़कर अवैध रूप से खुदाई कर रहे महाराष्ट्र के चार आरोपियों को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भूमि मालिक की सजगता और वारासिवनी पुलिस की त्वरित मुस्तैदी से एक बड़ी आपराधिक व तांत्रिक गतिविधि को नाकाम कर दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में अपराध क्रमांक 299/2026 के अंतर्गत चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 331,4 एवं 3/5 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### ऐसे खुला तांत्रिकों का राज

जानकारी अनुसार बालाघाट निवासी ठेकेदार सेवेन्द्रसिंह परिहार का बालाघाट में फार्म हाउस है। 11 जून की रात करीब साढ़े 8 बजे उनके ड्राइवर पंकज ब्रम्हे ने फोन पर उन्हें सूचना दी थी कि डोंगरिया स्थित फार्म हाउस के मुख्य गेट का ताला तोड़कर कुछ अज्ञात लोग जबरन अंदर घुस गए हैं। सूचना मिलते ही सेवेन्द्रसिंह अपने साथी अमित शर्मा और इंदरचंद बसेना को साथ लेकर तुरंत फार्म हाउस पहुंचे। वहां मुख्य गेट के बाहर एक संदिग्ध ग्रे रंगकी आई.10 कार क्रमांक एम एच 49 यु 7738 खडी थी। जब भूमि मालिक अपने साथियों के साथ फार्म हाउस के अंदर बने लेबर क्वार्टर और किचन के बीच खाली जगह पर पहुंचे, तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गए। आरोपी वहां गैती और फावड़े से करीब डेढ़ फीट गहरा गड्ढा खोद चुके थे। गड्ढे के पास तांत्रिक क्रिया की सामग्री जैसे सिंदूर, कुमकुम, पुराने सिक्के, कौड़ी, शराब, मुर्गा और हिरन का पुतला रखा हुआ था। वे सभी किसी गुप्त धन को निकालने की नीयत से पूजा पाठ और खुदाई कर रहे थे।

### यह पकड़े गए आरोपी स्थानीय संरक्षकों ने रची थी साजिश




मौके से पुलिस और नागरिकों की मदद से पकड़े गए आरोपी में ललित चिताडे निवासी पि प ला का टा हुडकेश्वर रोड नागपुर महाराष्ट्र, हीराधर जगताप निवासी अयोध्या नगर नागपुर महाराष्ट्र, पूनाजी मेश्राम निवासी बोरगांव चन्द्रपुर महाराष्ट्र, धर्मेश कुल्हे निवासी पंचपाओली नागपुर शहर महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की गई। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्हें डोंगरिया निवासी किशोर दमाहे और मशीनटोला निवासी अखिल कालबेले ने इस फार्म हाउस में भारी मात्रा में गड़ा हुआ धन होने का लालच देकर बुलाया था। स्थानीय आरोपियों के कहने पर ही ये लोग ताला तोड़कर अंदर घुसे थे। घटना की जानकारी लगते ही भूमि मालिक और उनके साथियों ने तत्परता दिखाते हुए वारासिवनी थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर चारों आरोपियों को दबोचकर थाने ले आई। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त खुदाई के उपकरण और तंत्र मंत्र की सामग्री जब्त कर ली है। फरार स्थानीय आरोपियों की तलाश की जा रही है और मामले को विस्तृत विवेचना जारी है।

# टौरिया मोहल्ला कांड के आरोपियों के घर बुल्डोजर चलाने की मांग को लेकर बाजार पूर्णतः रहा बंद



**छतरपुर।**

टौरिया मोहल्ला कांड को लेकर व्यापारी एवं हिन्दू संगठनों की बीते रोज बैठक हुई थी जिसमें 13 जून को छतरपुर बंद रखने का आहवान किया गया था। इस आहवान पर आज शनिवार को बाजार पूरी तरह से बंद रहा और टौरिया मोहल्ला की हिंसक घटना को लेकर लोगों में आक्रोश देखा गया और आरोपियों के घर बुल्डोजर चलाने की मांग की गई। शनिवार को सुबह से ही भारी पुलिस बल चौक बाजार में पहुंच चुका था, एडीशनल एसपी आदित्य पटले, सीएसपी अरूण कुमार सोनी और तीनो थानो के टीआई सहित जिले के अन्य कई टीआई व भारी पुलिस बल तैनात रहा। दुकानदारों ने टौरिया मोहल्ला घटना के विरोध में बाजार बंद को पूरा समर्थन दिया और चौक बाजार में सभी व्यापारी एकत्र हुए और वहां सभा में परसराम शुक्ला, लालू लालवानी, अभिषेक ताम्रकार, कमल अग्रवाल,गिरजा पाटकर,सहित काफी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे और सभी ने एकजुट होकर ऐसे जिहादियों पर कार्यवाही की मांग की। दोपहर 1 बजे तक चौक बाजार में प्रदर्शन चलता रहा पहली बार व्यापारी संगठनों और हिन्दू संगठनों में एकजुटता देखी गई, वहीं प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट रहा और चारों तरफ पुलिस की चौकशी रही वा पुलिस की गाडियां भ्रमण भी करती रहीं। पुलिस के अधिकारी जिसमें सीएसपी और बड़ामलहरा टीआई एक साथ गाड़ी में बैठकर नगर का भ्रमण कर कानून व्यवस्था का जायजा लेते रहे, तो वहीं कोतवाली टीआई सतीश सिंह और सिविल लाईन टीआई आशुतोष श्रोतिय चौक बाजार में पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाले रहे। दोपहर 1 बजे के बाद एसडीएम प्रशांत अग्रवाल, सीएसपी के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और हिन्दू संगठनों का ज्ञापन लेकर अवगत कराया कि आरोपियों के मकानों की जांच कराकर कार्यवाही की जाए। व्यापारी डालडे मातेले ने कहा कि प्रशासन ने टौरिया मोहल्ला कांड में कार्यवाही की है लेकिन अभी कुछ कसर बाकी है यदि आरोपियों के मकान नजूल में आ रहे है, तो उन्हें जल्द से जल्द बुल्डोजर से गिराया जाए। उन्होंने व्यापारियों की एकजुटता पर कहा कि व्यापारी अभी कमजोर नहीं है। उन्होंने कहा कि 7 दिन में यदि कार्यवाही नहीं हुई तो व्यापारी अनिश्चित कालीन बाजार बंद करेंगे जिसकी जबावदारी प्रशासन की होगी।

मौसम के रंग

चुरु में तेज अंधड़ से रेलवे स्टेशन का टीनशेड उड़ा

शिमला में झमाझम बारिश, हिल स्टेशंस पर उमड़े सैलानी

# कहीं अंधड़, कहीं झमाझम...

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में मौसम बदल चुका है। कहीं मानसून की आमद हो चुकी है तो कहीं, प्री मानसून बारिश, आंधी-तूफान के हालात बने हुए हैं। राजस्थान के चूरू में अंधड़ के कारण मकड़ीनाथ रेलवे स्टेशन का टीनशेड उड़ गया। वहीं, एसपी कार्यालय परिसर स्थित रिकॉर्ड रूम का टीनशेड भी आंधी की चपेट में आकर एसपी कार्यालय भवन पर जा गिरा। कुछ ही मिनटों की इस आंधी से कई पेड़ उखड़ गए और कई मकानों की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गईं। यूपी में भी प्री-मानसून एक्टिव है शनिवार सुबह कानपुर-अयोध्या, उन्नाव समेत 25 शहरों में बारिश हुई। वाराणसी में दोपहर में तूफान से कई होर्डिंग उड़ गई। लखनऊ में तेज आंधी से दिन में अंधेरा छा गया। दिल्ली में शनिवार सुबह बारिश के चलते इंडिगो सहित कई एयर लाइंस की कई फ्लाइट्स लेट हुईं।




## मनाली से चमोली तक पहाड़ पैक, सड़कें ब्लॉक!



*हिमाचल प्रदेश में पर्यटन सीजन अपने चरम पर है। वीकेंड के दौरान कुल्लू-मनाली की ओर जाने वाले हजारों पर्यटकों के कारण चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम देखने को मिला। पंडोह के 7 मील से लेकर औट तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। शिमला में भी सैलानी बारिश के दौरान मौसम का लुत्फ लेते रहे।*

# खनिज संपदा से समृद्ध पंचायतों को मिले अधिक भागीदारी, पर्यावरण पुनरुद्धार को मिले प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने खनिज विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में खनिज संपदा से प्रभावित क्षेत्रों के विकास, स्थानीय निकायों की भागीदारी तथा पर्यावरणीय पुनरुद्धार को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि खनिज उत्खनन से प्रभावित पंचायतों को खनिज राजस्व से प्राप्त आय में अधिक प्रभावी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के अवसरों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए, ताकि स्थानीय समुदायों को विकास का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

खनिज प्रतिष्ठान नियमों एवं निधि प्रावधानों की जानकारी दी



बैठक में निर्देश देते अध्यक्ष पवैया।

### पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया

आयोग के अध्यक्ष पवैया ने खनन गतिविधियों से प्रभावित क्षेत्रों में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि जिला खनिज निधि के संसाधनों का उपयोग पर्यावरण पुनरुद्धार, हरित आवरण विस्तार, जल संरक्षण तथा पारिस्थितिकी सुधार संबंधी कार्यों को अधिकाधिक किया जाए, जिससे विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित किया जा सके। इस मौके पर बैठक में आयोग के सदस्य केके सिंह तथा सदस्य सचिव वीरेन्द्र कुमार भी मौजूद थे। खनिज विभाग के अधिकारियों ने आयोग को राज्य में खनिज राजस्व की वर्तमान स्थिति, राजस्व प्राप्ति के प्रमुख स्रोतों तथा वसूली की प्रगति से अवगत कराया। अधिकारियों ने बताया कि खनिज क्षेत्र से प्राप्त राजस्व विकास कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

बैठक में खनिज राजस्व के न्यायसंगत उपयोग, प्रभावित समुदायों के हितों की सुरक्षा तथा स्थानीय स्वशासन संस्थाओं को सशक्त बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। खनिज विभाग ने भारत सरकार के नवीन दिशा-निर्देशों के अनुरूप संशोधित जिला खनिज प्रतिष्ठान नियमों एवं निधि प्रावधानों की जानकारी भी दी। अधिकारियों ने बताया कि नए प्रावधानों के तहत स्थानीय निकायों की भूमिका और सहभागिता को और अधिक सुदृढ़ किया गया है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में स्थानीय स्तर पर जवाबदेही और प्रभावशीलता बढ़ेगी।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष, कई घायल

**हरिभूमि न्यूज:** गौरेला पेंड्रा मरवाही गौरेला थाना क्षेत्र के सधवानी गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में कई लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल गौरेला में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। गौरेला पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, सधवानी गांव में जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। और यह मामला तहसीलदार न्यायालय गौरेला में विचाराधीन था। हाल ही में न्यायालय ने मामले में शंकराचार्य राठौर और ओमकार राठौर के पक्ष में फैसला सुनाया। आरोप है कि इस फैसले से नाराज श्याम नारायण, जो भारतीय सेना जैसलमेर में कार्यरत हैं और वर्तमान में अवकाश पर अपने गांव आया हुआ था, देर रात अपने कुछ साथियों के साथ ओमकार राठौर के नए मकान पहुंच गए। जमीन के फैसले को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने पर स्थिति हाथापाई तक पहुंच गई। आरोप है कि फौजी श्याम नारायण अपने साथ लोहे की रॉड लेकर आया हुआ था। इसी दौरान शंकराचार्य राठौर और ओमकार राठौर के साथ मारपीट की गई। ओमकार राठौर घटना का वीडियो बना रहे थे, जिसे लेकर भी विवाद हुआ और फौजी ने मोबाइल छीनने का प्रयास किया।

## खबर संक्षेप

### कार-बाइक भिड़ंतः चार गंभीर रूप से घायल

**मुलताई।** मुलताई-छिंदवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक पर तीन लोग सवार थे। तेज गति से आ रही एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर सवार लोग सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में मुलताई निवासी विक्की देशमुख (30), प्रकाश परते (36) और रामनगर निवासी दिनेश उईके (42) गंभीर रूप से घायल हो गए।



### मासूम के साथ छठे फ्लोर से कूदी महिला इंजीनियर, मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद में 37 साल की सॉफ्टवेयर इंजीनियर ईशा साहू अपनी छह माह की बेटी को गोद में लेकर अपार्टमेंट की छठी मंजिल से कूद गई। घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बच्ची चमत्कारिक रूप से बच गई। पुलिस ने बताया कि बच्ची अपार्टमेंट की सोलर फेंसिंग के तारों पर गिरकर लटक गई, जिससे उसकी जान बच गई। पास के एक चौकीदार ने रोने की आवाज सुनकर उसे सुरक्षित निकाला। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।



भारत की अध्यक्षता में 'ब्रिक्स इंदौर डिक्लेरेशन' » 60 विदेशी प्रतिनिधियों सहित करीब 100 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, कई महत्वपूर्ण विषयों पर किया गया मंथन

# वैश्विक कृषि सहयोग का नया रोडमैप तैयार खाद्य सुरक्षा व डिजिटल कृषि से 'नई दिशा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

सर्वसम्मति से स्वीकार किए गए 'इंदौर डिक्लेरेशन' का मूल केंद्र किसान। यह केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि ब्रिक्स देशों की सामूहिक इच्छाशक्ति और जिम्मेदारी का प्रतीक

भारत की अध्यक्षता में इंदौर में आयोजित ब्रिक्स देशों की कृषि मंत्रिस्तरीय और अधिकारी स्तरीय बैठकों का समापन सर्वसम्मत 'ब्रिक्स इंदौर डिक्लेरेशन' के साथ हुआ। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि वैश्विक संकट और अनिश्चितताओं के दौर में यह घोषणा-पत्र खाद्य सुरक्षा, किसान कल्याण, जलवायु-अनुकूल खेती, कृषि व्यापार और डिजिटल कृषि के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को नई दिशा देगा। चौहान ने बताया कि मंत्री स्तरीय और अधिकारी स्तरीय दोनों बैठकें सफलतापूर्वक संपन्न हुईं, जिनमें सदस्य और सहयोगी देशों के लगभग 60 विदेशी प्रतिनिधियों सहित करीब 100 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देश दुनिया की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं, वैश्विक कृषि भूमि का करीब 42% हिस्सा इनके पास है और विश्व खाद्यान्न उत्पादन में भी इनका योगदान लगभग 42% है। ऐसे में इन देशों की सामूहिक पहल वैश्विक कृषि व्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है।

ब्रिक्स देशों की सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन



प्रतिनिधियों के साथ लिया गया सामूहिक चित्र

**ब्रिक्स देशों की ताकत**

- दुनिया की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व
- वैश्विक कृषि भूमि का करीब 42% हिस्सा इनके पास
- विश्व खाद्यान्न उत्पादन में भी इनका योगदान लगभग 42%

### खाद्य सुरक्षा, व्यापार और जलवायु पर रहा फोकस

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि बैठकों में चार प्रमुख विषयों पर व्यापक चर्चा हुई, जिनमें खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, कृषि व्यापार और सहयोग, जलवायु परिवर्तन के बीच सतत एवं रीजेनेरेटिव खेती तथा कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीक को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने कहा कि किसान, विशेषकर छोटे और सीमांत किसान, पूरी चर्चा के केंद्र में रहे।

#### प्राकृतिक खेती के लिए बनेगा उत्कृष्टता केंद्रों का नेटवर्क

ब्रिक्स देशों ने 'ब्रिक्स नेटवर्क ऑफ सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस ऑन एग्रो-इकोलॉजी एंड रीजेनेरेटिव एग्रीकल्चर' स्थापित करने पर सहमति जताई है। इसके माध्यम से प्राकृतिक, जैविक और पुनर्योजी कृषि पद्धतियों पर संयुक्त अनुसंधान, प्रशिक्षण और अनुभव साझा किए जाएंगे। भारत की ओर से मोदीपुरम स्थित भारतीय कृषि प्रणाली पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

#### किसानों के बीज अधिकारों की सुरक्षा के लिए बनेगा वैश्विक मंच

ब्रिक्स देशों ने 'ग्लोबल फोरम ऑन फार्मर्स राइट्स इन सीड सिस्टम्स' स्थापित करने पर भी सहमति बनाई। इसका उद्देश्य देशी बीजों की विविधता, पारंपरिक ज्ञान और किसानों के बीज संबंधी अधिकारों की रक्षा करना है। चौहान ने कहा कि आधुनिक बीजों के साथ-साथ पारंपरिक बीजों का संरक्षण भी खाद्य सुरक्षा और जैव विविधता के लिए आवश्यक है। 'ब्रिक्स एग्रीएन' नामक नई पहल के तहत सदस्य देशों के बीच कृषि आदानों, बीजों, आनुवंशिक संसाधनों और तकनीकी सूचनाओं का आदान-प्रदान मजबूत किया जाएगा।

आईएएस एसोसिएशन के वाटसएप ग्रुप में छिड़ी बहस

# डायरेक्ट और प्रमोटी आईएएस अफसरों के मतभेद आए सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में डायरेक्ट भर्ती (आरआर) और प्रमोटी (पीआर) आईएएस अधिकारियों के बीच लंबे समय से चल रहे अंदरूनी मतभेद अब सार्वजनिक रूप से सामने आते दिखाई दे रहे हैं। यह विवाद आईएएस एसोसिएशन के आधिकारिक वाटसएप ग्रुप में हुई चर्चा के बाद चर्चा का विषय बन गया है। जानकारी के अनुसार पूर्व केंद्रीय सचिव अनिल स्वरूप के एक लेख को मध्य प्रदेश कैडर के पूर्व आईएएस आलोक श्रीवास्तव ने आईएएस एसोसिएशन मध्य प्रदेश के वाटसएप ग्रुप में साझा किया।

लेख में छिंदवाड़ा में कलेक्टर रहे युवा आईएएस अधिकारी शीलेंद्र सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें अन्य अधिकारियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया गया था। इस पोस्ट पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव दीपाली रस्तोगी ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि जिला पंचायत के सीईओ अग्रिम कुमार ने भी इस पहल को सफल बनाने में सक्रिय और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**प्रशासनिक उपलब्धियों का श्रेय बना बहस का मुद्दा**

दीपाली की प्रतिक्रिया से चर्चा ने नया मोड़ ले लिया और ग्रुप में अधिकारियों की भूमिका तथा योगदान को लेकर बहस शुरू हो गई। श्रेय अक्सर केवल युवा या डायरेक्ट भर्ती आईएएस अधिकारियों को सूत्रों के मुताबिक, इसके बाद आईएएस एसोसिएशन के ग्रुप में बधाई और प्रशंसा संबंधी संदेशों का सिलसिला लगभग थम गया। वहीं दूसरी ओर प्रमोटी आईएएस अधिकारियों के अलग वाटसएप ग्रुप में इस मुद्दे पर चर्चा शुरू हो गई। प्रमोटी अधिकारियों ने इस बात पर नाराजगी जताई कि प्रशासनिक उपलब्धियों का श्रेय अक्सर केवल युवा या डायरेक्ट भर्ती आईएएस अधिकारियों को दिया जाता है, जबकि जमीनी स्तर पर कई अन्य अधिकारियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

शवों का मजाक बनाया था

# लेडी डॉक्टर पर एक्शन जबरन छुट्टी पर भेजा

**एजेंसीः मुंबई।** प्रणित मोरे के अश्लील शो के विवाद के कारण मुंबई के केईएम अस्पताल ने एमबीबीएस छात्रा सेजल पवार पर अब एक्शन लिया है, उसे मेडिकल कॉलेज ने जबरन छुट्टी पर भेज दिया है। साथ ही उनके माता-पिता को भी बुलाया है। वहीं, प्रशासन ने शनिवार को वायरल वीडियो पर हुए विवाद को लेकर विस्तृत जांच के लिए पांच सदस्यीय जांच कमेटी के गठन का प्रस्ताव रखा है। कमेटी को सात दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है। प्रस्तावित कमेटी में एक रिटायर्ड फैकल्टी सदस्य, तीन सीनियर फैकल्टी सदस्य और बाहरी सदस्य के तौर पर एक पत्रकार शामिल हैं, ताकि निष्पक्ष जांच हो। हालांकि सेजल पवार ने शुक्रवार को लिखित माफीनामा सौंपा, जिसमें उन्होंने माना कि उनके कुछ बयान गलत थे और उनसे लोगों को परेशानी हो सकती है। सेजल पवार ने पुरुष शव दान करने वालों के बारे में असंवेदनशील टिप्पणी की थी। इसके बाद महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने प्रणित मोरे, सेजल पवार और दर्शकों में शामिल एक अन्य व्यक्ति हिमांशु जांगरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

प्रणित मोरे के शो में बेहद अश्लीलता



प्रणित मोरे



सेजल पवार

दुबई से अहमदाबाद पहुंचा था

# इंडिगो के विमान में मिला 4.26 करोड़ रु. का सोना



टॉयलेट के स्पीकर में मिले सोने के 24 बिस्कुट

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

भारत में सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम डेढ़ लाख रुपए से अधिक है। सोने की कीमतों में आग लगने के बाद विदेशों से इसकी तस्करी बढ़ गई है। दुबई से अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई एयरपोर्ट पहुंची इंडिगो फ्लाइट (6ई-1478) से कस्टम में सोने के 24 बिस्कुट बरामद किए हैं। कस्टम ने जब इंडिगो के विमान की तलाशी ली तो उसे विमान से लगभग 4.26 करोड़ रुपए का सोना मिला। इस सोने को बाथरूम के आगे वाले टॉयलेट में लगे स्पीकर के अंदर छिपाया गया था। कस्टम्स अधिकारियों ने विमान इंजीनियरों की मदद से टॉयलेट में लगे स्पीकर बॉक्स के अंदर से काले प्लास्टिक टेप में लिपटे दो पाउच बरामद किए। इसमें बिस्कुट भरे हुए थे।

### 370 बिरयानी विवाद, कॉमेडियन प्रणित मोरे की माफी

**मुंबई।** कॉमेडियन प्रणित मोरे ने '370 की बिरयानी' वाले वीडियो को लेकर माफी मांगी है। उन्होंने शनिवार को अपना वीडियो मैसेज जारी किया। इसमें कहा कि वे लंबे समय से इस मुद्दे पर बात करना चाहते थे, लेकिन उनका इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड था। प्रणित ने कहा कि 370 की बिरयानी वाले वीडियो के बाद उनसे लोग काफी नफरत कर रहे थे। उन्होंने माना कि वे इसके हकदार हैं। उनके मुताबिक, शो के दौरान एक व्यक्ति ने कई आपत्तिजनक बातें कही थीं। लोग हंस रहे थे, जिससे वे भी माहौल में बह गए और सही फैसला नहीं ले पाए। बता दें कि आपत्तिजनक बातें ऑडियंस में बैठे हिमांशु जांगड़ा ने कही थीं।

राहुल करेंगे अगुवाई, 17 को कोटा से आगाज

# कांग्रेस का पेपर लीक के खिलाफ देशव्यापी अभियान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस ने पेपर लीक, परीक्षा में गड़बड़ी और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर देशव्यापी अभियान के पहले चरण की घोषणा की है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने जानकारी दी कि कांग्रेस 17 जून को राजस्थान के कोटा से इसकी शुरुआत करेगी। केसी वेणुगोपाल ने अपने बयान में कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मार्गदर्शन और राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने पेपर लीक, परीक्षा में गड़बड़ी, बेरोजगारी और सरकार की ओर से भारत के युवाओं के साथ लगातार हो रहे धोखे के बढ़ते संकट के खिलाफ एक देशव्यापी अभियान के पहले चरण की घोषणा की है। इसके तहत राहुल छात्रों, युवा संगठनों, शिक्षकों और परीक्षा घोटालों से सीधे प्रभावित सभी लोगों को एक साथ लाने के लिए बड़े छात्र सम्मेलनों की एक श्रृंखला आयोजित करेंगे।

**यहां होंगे आंदोलन अभियान की शुरुआत**

कोटा (17 जून), इलाहाबाद (10 जुलाई), पटना (11 जुलाई) और दिल्ली (14 जुलाई) से होगी। यह अभियान उन लाखों युवा भारतीयों की मुश्किलों को उजागर करेगा जिनका भविष्य पेपर लीक, परीक्षा की बढ़ती लागत और निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती और शिक्षा प्रणाली सुनिश्चित करने में सरकार की विफलता के कारण बार-बार खतरे में पड़ रहा है।

एक ही घर से उठीं दो अर्थियां

# पत्नी के अंतिम संस्कार का सामान लाते समय बुजुर्ग की बाइक को पिकअप ने मारी टक्कर, मौत

एक साथ बुजुर्ग दंपत्ति का हुआ अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के तामिया थाना क्षेत्र स्थित साजंकुही में शुक्रवार शाम हुए सड़क हादसे में 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। बुजुर्ग अपनी पत्नी के निधन के बाद उनके अंतिम संस्कार का सामान खरीदने टू-व्हीलर से निकले थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी, जिसमें उनके साथ मौजूद नाती भी घायल हो गया है। तामिया थाना प्रभारी आशीष जैतवार के अनुसार, मृतक की शिनाख्त धूर्वाढ़ाना निवासी 70 वर्षीय सुमरलाल उईके (पिता चम्मु उईके) के रूप में हुई है।



क्षतिग्रस्त बाइक

### मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने बुजुर्ग के शव को अपने कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, शनिवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। फिलहाल पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों की तस्दीक की जा रही है।

पीएम नरेंद्र मोदी के 12 सालों के सुशासन व विकास के कामों पर फोकस 'मीडिया संवाद' कार्यक्रम

# सीएम ने कहा-2014 के बाद केंद्र सरकार ने इतनी योजनाएं चलाईं, जिसका लाभ हरेक व्यक्ति को मिला

मीडिया संवाद को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भी संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे यहां 12 वर्ष का महत्व है। 12 वर्ष में सिंहस्थ होता है। सरकार के पास अनेकों उपलब्धियां है। 2014 के बाद केंद्र की सरकार ने इतनी योजनाएं चलाई, जिसकी वजह से एक-एक व्यक्ति को लाभ मिला। आज देश के 65 फीसदी लोगों को मुफ्त में खाद्यान्न मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने एक-एक करके योजनाओं को गिनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में देश में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मीडिया संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे।



### 18 वर्षों तक देश सेवा का अवसर मिला

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा प्रधानमंत्री मोदी देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्रियों में शामिल हैं। भाजपा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को धरातल पर उतारा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के छह वर्ष और प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों को मिलाकर भाजपा को केंद्र में 18 वर्षों तक देश सेवा का अवसर मिला है। इस अवधि में विचारधारा, सुशासन और अंत्योदय के संकल्प को साकार करने का प्रयास किया गया है।

### शासन को जनसेवा का माध्यम बनाया

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने शासन को जनसेवा का माध्यम बनाया है। एक गरीब के आंसू कैसे पोंछे जाएं, यह देश को प्रधानमंत्री मोदी ने सिखाया है। विकास के हर क्षेत्र में केंद्र ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है।